>

Title: Need to start a new railway line from Jajpur via, Karanjia-Anandpurconnecting Badampahad railway line in Odisha.

कुमारी चन्द्राणी मुर्मु (क्योंझर) : अध्यक्ष महोदय, मुझे आपने शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करना चाहती हूं । महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र क्योंझर जहां से मैं चुनकर आई हूं, उसका करंजिया एक बहुत बड़ा असेंबली सेगमेंट है । वहां की आबादी भी बहुत है, जो कि ज्यादातर ट्राइबल लोग हैं । आज के समय में भी वहां के लोग रेल की सुविधाओं से वंचित हैं । यह वहां के लोगों की बहुत पुरानी मांग है, जिसे मैं इस सदन में आपके सामने रखना चाहती हूं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से यह निवेदन करना चाहती हूं कि मरवन जिले के बादामपहाड़ जहां पर एग्जिस्टिंग रेलवे लाइन है, वहां से जाजपुर रोड तक एक नई रेलवे लाइन वाया करंजिया-आनंदपुर तक बनाई जाए, जिससे कि करंजिया को नजदीकी टाउनशिप के साथ जोड़ा जा सके, ताकि वहां के लोगों को ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा मिले सके । चाहे वह बिजनेस के लिए हो, एजुकेशन के लिए हो, या फिर किसी और काम के लिए हो । मैं यह आशा करती हूं कि मैंने यहां पर जो मांगें रखी हैं, उस पर माननीय रेल मंत्री जी ध्यानपूर्वक विचार करेंगे और मेरे क्षेत्र के लोगों की जरूरतों को पूरा करेंगे ।